संख्या- 74 /2020 / 610 /चार-2020-43 (बजट)/ 2017

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार
प्रमुख सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 17 मार्च, 2020

विषय:- वित्तीय वर्ष 2019-20 में गोरखपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केन्द्र के निर्माण कराये जाने की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक इकाई प्रभारी, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लखनऊ के पत्र दिनांक 06 मार्च, 2020 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गोरखपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केन्द्र के निर्माण कराये जाने हेतु मूल्यांकित लागत रू0 4950.19 लाख के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रश्नगत कार्य हेतु बजट प्राविधानित रू0 100.00 लाख (रूपये एक करोड मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-112/2017/1902/चार-2017-43(वि0)/2017 दिनांक 23 अक्टूबर, 2017 तथा शासनादेश संख्या-87/2019/690/चार-2019-43(वि0)/2017 दिनांक 25 मार्च, 2019 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक - 4202 -शिक्षा,खेलकूद,कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति -800-अन्य व्यय -36-गोरखपुर में आधुनिक प्रेक्षागृह का निर्माण- 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 74 /2020/ 610 /चार-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लखनऊ ।
3- अपर परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0, गोरखपुर इकाई-1, गोरखपुर।
4- निदेशक, (नोडल अधिकारी), उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ ।
5- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
6- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।